प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.02.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

0000

वाहन सख्ती

राज्य सरकार ने सरकारी अधिकारियों द्वारा वाहनों पर अनाधिकृत रूप से फलैशर और रेड लाइट लगाने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए निर्देश जारी किए हैं कि केवल आपातकालीन और आपदा प्रबंधन से जुड़े वाहनों को ही मल्टी कलर लाल, नीला और सफेद लाइट के उपयोग की अनुमति रहेगी। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन ने सभी प्रशानिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को इन आदेशों का सख्ती से अनुपालन करने के लिए पत्र जारी किया है। आदेश में ये भी कहा गया है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सिंगापुर और कम्बोडिया की यात्रा पर भेजना हिमाचल ही नहीं बल्कि पूरे भारत के परिपेक्ष में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यात्रा पर गए इन 50 मेधावी विद्यार्थियों को इन देशों की ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को देखने का मौका मिला। शिक्षा मंत्री ने इस पहल को अपने दो वर्ष के कार्यकाल का सबसे प्रमुख कदम बताया।

विधेयक अधिसूचना

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की मंजूरी के बाद सरकारी कर्मचारी की शर्तें विधेयक 2024 को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित इस विधेयक के प्रारुप पर आज से अमल होगा। इसके तहत हजारों अनुबंध कर्मचारियों को अब ज्वाइनिंग तिथि से वरिष्ठता के साथ वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। अनुबंध कर्मचारियों को यह लाभ अदालत से केस जीतने के बाद दिया जाना था, लेकिन सरकार इसको लेकर विधानसभा में विधेयक लाई। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार अनुबंध पर सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की वरिष्ठता उनके नियमित होने के बाद तय होगी।

दिल्ली मुख्यमंत्री

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता आज शपथ लेंगी। रेखा गुप्ता ने राज निवास में उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने दिल्ली के लोगों के कल्याण और विकास के लिए पूरी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और समपर्ण के साथ काम करने का संकल्प लिया।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। चंबा, कुल्लू व लाहौल स्पीति सहित की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात जारी है जबकि मध्यम और मैदानी क्षेत्रों में आज सुबह से रूक–रूककर वर्षा हो रही है। किसानों का मानना है कि लंबे अरसे के बाद हुई इस वर्षा से उनकी फसलों को संजीवनी मिलेगी।

उधर राजधानी शिमला में भी आज सुबह से रूक–रूककर हल्की वर्षा हो रही है। जिला के नारकंडा व कुफरी में ताजा बर्फबारी के बाद सड़क पर फिसलन बढ़ गई है हालांकि जिला के सभी मार्गों पर यातायात फिलहाल सुचारू रूप से जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना है।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं आपदा प्रभावितों को बांट दिया आवास योजना का पैसा, रिकवरी नोटिस पर रोक।

अनुबंध कर्मचारियों को अब ज्वाइनिंग से नहीं मिलेंगे वरिष्ठता के साथ वित्तीय लाभ शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखा है शीतकालीन के विधानसभा सत्र में पास बिल पर 20 फरवरी से अमल होगा। दिव्य हिमाचल ने लिखा है आज से प्रभावी होगा कर्मचारी सेवा शर्तें एक्ट।

कांग्रेस नेताओं की दिल्ली दौड़ से हिमाचल में गर्माई राजनीति दैनिक जागरण की एक खबर है।

मौसम की खबर को हिमाचल दस्तक ने शीर्षक दिया है प्रदेश के 4 जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट।